StudentBounty.com

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 30
No. of Printed Pages — 3

**SS—06—Pub. Adm. (D & D)**

# उच्च माध्यमिक (मूक-बधिर) परीक्षा, 2014

## लोक प्रशासन

## PUBLIC ADMINISTRATION

**समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
5.

| प्रश्न संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न | उत्तर की शब्द सीमा |
|---|---|---|
| 1-10 | 1 | – |
| 11-18 | 2 | 40 शब्द |
| 19-27 | 4 | 100 शब्द |
| 28-30 | 6 | 150 शब्द |

6. प्रश्न संख्या 28 से 30 में आन्तरिक विकल्प हैं ।

StudentBounty.com



1. हॉथार्न प्रयोगों के रचयिता कौन थे ? 1
2. ''द स्टडी आफ एडमिनिस्ट्रेशन'' लेख किसके द्वारा लिखा गया था ? 1
3. टेलर द्वारा लिखित किसी एक पुस्तक का नाम लिखिए। 1
4. हेनरी फेयोल ने प्रशासन के कौनसे तत्व बताए हैं ? 1
5. भारतीय संविधान के अनुसार प्रशासन के कोई **दो** लक्ष्य बताइए। 1
6. संविधान की किस अनुसूची में शक्तियों का विभाजन किया गया है ? 1
7. भारत में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति कौन करता है ? 1
8. लोक लेखा समिति की सदस्य संख्या बताइए। 1
9. लोक सेवकों की राजनीतिक तटस्थता से क्या अभिप्राय है ? 1
10. ओम्बुड्समैन संस्था की स्थापना सर्वप्रथम किस देश में की गई ? 1
11. नवीन लोक प्रशासन की शुरुआत किन घटनाओं से हुई ? कोई **दो** बताइए। 2
12. लोक प्रशासन के विकास के ''राजनीति - प्रशासन द्विभाजन'' काल को समझाइए। 2
13. नेतृत्व को परिभाषित कीजिए तथा इसकी कोई **दो** विशेषताएँ बताइए। 2
14. तुलनात्मक लोक प्रशासन के किन्हीं **दो** विद्वानों के नाम लिखिए। 2
15. संसदीय प्रणाली के प्रमुख लक्षण बताइए। 2
16. प्रशासन के विरुद्ध जन शिकायतों के कोई **दो** कारण बताइए। 2
17. राजस्थान में पंचायती राज की व्यवस्था को स्पष्ट कीजिए। 2
18. भारत में प्रशासनिक सुधारों से सम्बन्धित किन्हीं **दो** समितियों / आयोगों के नाम एवं योगदान बताइए। 2
19. शास्त्रीय विचारधारा की मुख्य मान्यताएँ बताइए। 4
20. अभिप्रेरणा का महत्व स्पष्ट कीजिए। 4
21. अच्छे संचार में क्या-क्या गुण होने चाहिए ? 4
22. विकास प्रशासन परम्परागत प्रशासन से किस प्रकार भिन्न है ? कोई **चार** अन्तर बताइए। 4
23. विकासशील देश किसे माना जाता है ? इनकी प्रमुख प्रशासनिक समस्याएँ क्या हैं ? 4

StudentBounty.com



24. नियोजन में राष्ट्रीय विकास परिषद की भूमिका को बताइए। 4

25. संसद प्रशासन पर वित्तीय नियंत्रण किन निकायों के माध्यम से रखती है ? संक्षेप में स्पष्ट कीजिए। 4

26. पदोन्नति भर्ती के लाभ बताइए। 4

27. आदर्श भर्ती प्रणाली के गुण बताइए। 4

28. मैक्स वेबर की नौकरशाही की विशेषताओं तथा उसकी आलोचनाओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 6

अथवा

मानव सम्बन्ध विचारधारा से आप क्या समझते हैं ? हार्थॉर्न प्रयोगों के निष्कर्षों पर प्रकाश डालिए। 6

29. नियोजन को परिभाषित कीजिए। भारत में इसके उद्देश्यों तथा महत्व पर प्रकाश डालिए। 6

अथवा

भारत में पंचवर्षीय योजनाओं का निर्माण कैसे किया जाता है ? इसमें योजना आयोग की भूमिका बताइए। 6

30. निम्न में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए : 3 + 3

अ) भारत में केन्द्रीय स्तर पर जन शिकायत निराकरण तंत्र।

ब) सामान्यज्ञ प्रशासक से अभिप्राय तथा उसकी प्रशासन में भूमिका।

स) भारत में मन्त्री-लोक सेवक विवाद के कुछ प्रमुख विवादास्पद मामले।

अथवा

निम्न में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए : 3 + 3

अ) सामान्यज्ञ-विशेषज्ञ विवाद के निराकरण हेतु सुझाव।

व) मन्त्री-लोक सेवक सम्बन्धों को मधुर बनाने के लिए प्राशासनिक सुधार आयोग की सिफारिशें।

स) लोक सेवकों की बढ़ती हुई शक्ति (नवीन निरंकुशता)।